हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 जून 2025

तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

14 नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कराई फिल्टर...



14 2 साल से बंद पड़ी जेसीबी की नपाध्यक्ष ने कराई मरम्मत





## खबर संक्षेप

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली में युवक के साथ मारपीट की घटना में दो आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को कन्हैयालाल चौहान वार्ड नंबर 08 टावरपारा झिलमिला सरायपाली ने बताया कि 11 जून को लगभग दोपहर 3 बजे के वह वन विभाग के नर्सरी के पास था, जहां पर उसके मोहल्ले के अनुराग दास एवं कार्तिक आदित्य आये और गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर दोनों जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया। सरायपाली पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### बाइक चालक ने स्कूटी को मारी टक्कर, एक घायल

**महासमुंद।** नगर के कचहरी चौक के पास एक स्कूटी चालक को बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे एक व्यक्ति को चोट आई। पुलिस को प्रार्थी किशोर कुमार शुक्ला ने बताया कि घायल नरेन्द्र दुबे से उनकी जान पहचान है, वे 11 जून को कंप्यूटर सेंटर से फोटोकापी कराकर अपनी स्कूटी से वापस घर की ओर जा रहे थे, शाम करीब 7 बजे कचहरी चौक के पास पहुंचने पर बाइक क्रमांक सीजी 04 क्यूडी 5428 के चालक ने अपनी बाइक को तेजी व लापरवाहीपूर्वक यातायात के प्रवाह के विरूद्ध चलाकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे नरेंद्र दुबे के दाहिने पैर में चोट आई है। आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 एमओटी, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

**विडंबना:** स्थानांतरण नीति के साथ ही शिक्षकों के वापसी आदेश जारी किए थे जेडी ने

# दफ्तरों में अटैच शिक्षक मूल शाला पहुंचे या नहीं? इससे विभाग स्वयं अनभिज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरकारी कार्यालयों में सालों से बाबूगिरी कर रहे शिक्षकों को वापस बुलाने के निर्देश नए स्थानांतरण नीति में पहले ही शामिल किए जा चुके हैं। 5 जून से बच्चों को पढ़ाना छोड़कर सरकारी कार्यालय में बाबूगिरी कर रहे तहसील, निर्वाचन, जेडी, एसडीएम, कलेक्टर, साक्षरता कार्यालय सहित हॉस्टल जैसे स्थानों में जमे हुए शिक्षकों की वापसी का ज्वाइंड डायरेक्टर से आने के बाद अब तक कितने शिक्षक संलग्नीरण से लौटे इसकी सहीं सही जानकारी सप्ताहभर बीतने के बाद भी विभाग इसकी जानकारी मुहैय्या नही करा पाया है। अफसर ने संबंधित बाबू से जानकारी लेने कहा, लेकिन, संबंधित बाबू ने दर्जन बार कॉल के बाद भी फोन नही उठाया।

राज्य सरकार ने स्थानांतरण नीति जारी करने के साथ संलग्नीकरण (अटैचमेंट) कल्चर को समाप्त करने का निर्णय लिया है। स्थानांतरण नीति में ही विशेष तौर पर यह बात उल्लेखित है कि सभी जिला स्तरीय कर्मचारियों का संलग्नीकरण 5 जून से समाप्त माना जाएगा। साथ ही यह भी कहा गया है कि जहां किसी कर्मचारी की आवश्यकता होगी, स्थानांतरण नीति के अनुरूप स्थानांतरण किया जा सकेगा। इससे साफ हो गया है कि जिन-जिन विभागों में संलग्नीकरण अटैचमेंट का खेला हुआ, वह समाप्त हो चुका है, और विभिन्न विभागों में संलग्नीकरण के नाम पर जमे कर्मियों को उनकी मूल शाला में लौटना ही होगा। जेडी ने डीईओ को पत्र जारी कर अटैचमेंट में जमे शिक्षकों को तत्काल कार्यमुक्त करने का आदेश जारी किया है।

स्कूल में बच्चों को पढ़ाना छोड़कर सरकारी कार्यालय में काम कर रहे है। वहीं उनका नाम स्कूल में दर्ज है। इसलिए, उसके स्थान में दूसरे शिक्षक भी नहीं भेजे जा सकते। जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। शिक्षकों का अटैचमेंट का मुद्दा विधानसभा में उठा था, तब उसको तत्काल समाप्त करने का आश्वासन मंत्री ने दिए।

जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे ने कहा है कि सभी संलग्न शिक्षकों को मूल शाला में ज्वाईन करने कहा गया है। पूरी जानकारी आते ही अवगत कराया जाएगा।




### पहले भी कई बार जारी हुए आदेश, पर पालन नहीं

स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षकों से किसी तरह की गैर शिक्षकीय कार्य नहीं कराने का निर्णय सालों पहले लिया गया है। साथ ही उनका किसी कार्यालय में अटैचमेंट नहीं करने को कहा गया है। इसका आदेश बीच-बीच में जारी होता रहता है। इसके बाद भी अधिकारी शासन के आदेश को दरकिनार कर चेहते को हर बार बचा लेते है। एक बार फिर से संलग्न शिक्षकों को हटाने की कवायद शुरू हुई है। अब उसका क्या होगा यह समय बताएगा?

### अतिशेष शिक्षक स्कूल जाने से बचने लगा रहे जुगत

जिले में अटैच शिक्षक सालों से स्कूल नहीं गए हैं। बच्चों को पढ़ाना तक भूल चुके इन लोगों को सरकारी दफ्तर में काम करने के बाद भी प्रमोशन मिल रहा है। शासन द्वारा अटैचमेंट समाप्त कर मूल शाला में भेजने का निर्णय लेते ही अटैच शिक्षक खुद को बचाने सक्रिय हो गए है। नेता और अधिकारियों का चक्कर लगाने के चलते एप्रोच भी अफसरों के पास पहुंचने लगा है। कतिपय यही कारण है कि जिसके कारण सप्ताह भर बाद भी शिक्षा विभाग इस मामले में स्वयं को अपडेट नही कर पाया है।

### रेत को लेकर मारपीट, आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** लाफिन खुर्द में अटल चौक के पास रेत को लेकर मारपीट के मामले में दो लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। कोतवाली पुलिस को धर्मेंद्र साहू निवासी लाफिनखुर्द ने बताया कि 11 जून को अपने घर के प्लास्टर के लिए उसने पीयूष साहू सिर्री वाले से रेत मंगवाया था। जिसने फोन कर बताया कि ट्रैक्टर को तुम्हारे गांव के देवरथ यादव व सूरज यादव ने अटल चौक के पास रोक दिया है और जाने नहीं दे रहे हैं। जब प्रार्थी अटल चौक पहुंचा तो वहां पर देवरथ यादव एवं सूरज यादव से ट्रैक्टर चालक पीयूष साहू से बहस कर रहे थे, और उसके साथ भी बहस करने लगे। साथ ही ट्रैक्टर की चाबी को छीनने लगे जब पीयूष साहू को ट्रैक्टर आगे बढ़ाने लगे तो दोनों आरोपी मिलकर गाली गलौज करते हुए मापीट करने लगे। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# कोरोना के पहले मरीज की पुष्टि

## मरीज होम आइसोलेशन में, तबीयत पहले से बेहतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में कोरोना के पहले मरीज की पुष्टि हुई है। फिलहाल मरीज को होम आइसोलेशन में रखा गया है और उनकी तबीयत पहले से बेहतर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार मरीज को लंबे समय से सर्दी, खांसी, हाथ-पैर में दर्द एवं बुखार की शिकायत थी। जिसके बाद डाक्टरों ने उनमें कोरोना के नए वेरियंट के लक्षण को देखते हुए उनका आरटीपीसीआर जांच कराई। जिसमें रिपोर्ट पॉजिटिव आई। जिसके बाद उन्हें होम आइसोलेशन में रखा गया है।

कोरोना के प्रभारी चिकित्सक डॉ छत्रपाल चंद्राकर ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया है कि मरीज फिलहाल स्वस्थ हैं और चिकित्सकों की निगरानी में है। स्वास्थ्य विभाग ने मरीज के संपर्क में आने वाले लोगों की भी जांच कराई है, जिसकी जांच रिपोर्ट आज शाम तक आने की उम्मीद है।

### अब तक कोरोना संदिग्ध 10 की जांच

कोरोना के प्रभारी चिकित्सक डॉ छत्रपाल चंद्राकर ने बताया कि लंबे समय से सर्दी, खांसी, हाथ-पैर दर्द एवं बुखार की शिकायत वाले ऐसे व्यक्ति जिनमें कोरोना के सर्वाधिक लक्षण दिखाई दे रहे हैं उनकी जांच शुरू कर दी गई है। अभी तक 10 लोगों की आरटीपीसीआर जांच की जा चुकी है उनमें से एक की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

## ट्रेन से कटकर महिला ने दी जान, युवक ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना अंतर्गत बुधवार को एक महिला ने ट्रेन से कटकर तथा एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने दोनों ही मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार दैहानीभाठा वार्ड-15 निवासी संगीता यादव (21) ने अपने मोहल्ले के पीछे रेलपांत पर ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली। चालक की सूचना पर स्टेशन मास्टर ने बुधवार-गुरूवार रात साढ़े तीन बजे थाने में इसकी सूचना दी। घटना रात 2.50 बजे पोल क्रमांक 82/16 से 82/18 के बीच की है। पुलिस ने बताया कि संगीता यादव का मायका ग्राम जुमला खरियार रोड ओड़िशा है। तीन वर्ष पूर्व उनका विवाह दैहानीभाठा के शिव यादव के साथ हुआ था। बीती रात पति के साथ विवाद के बाद वह घर से निकल कर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। इसी तरह वार्ड-9 निवासी रूद्राक्ष यादव (25) ने अपने घर की छत के हुक में गमछे से फांसी लगाकर जान दे दी। जिसकी जानकारी परिजनों को गुरुवार सुबह हुई। पुलिस के अनुसार परिजनों ने बताया कि युवक रात में घूमकर आया और खाना खाने के बाद सोने कमरे में चला गया। सुबह मकान के बाहर छत में उनका शव फांसी पर लटका मिला। परिजनों के अनुसार युवक नशेड़ी प्रवृत्ति का था।

### आकाशीय बिजली से एक मृत, एक गंभीर

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के भंवरपुर चौकी के ग्राम खुसरुपाली में आकाशीय बिजली की चपेट में एक बालक की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रुप से झुलस गया। घटना मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार दोपहर अचानक मौसम बदल गया। ग्राम खुसरुपाली निवासी राजेश पारेश्वर (10) व उनके बड़े पिता के बेटे रुपेश पारेश्वर (12) साइकिल से घूमने के लिए खुसरुपाली-भंवरपुर मार्ग पर निकले थे। जहां से वापस घर लौट रहे थे। तभी अचानक बारिश शुरू हो गई। आकाशीय बिजली गिरने से राजेश पारेश्वर बुरी तरह झुलस गया। जबकि उसके पीछे साइकिल में आ रहे रुपेश पारेश्वर को हल्का झटका लगा। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और वाहन की व्यवस्था कर राजेश पारेश्वर को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई।



## खबर संक्षेप



### शहीद आकाश का बलिदान देश और समाज के लिए अपूर्णीय क्षति

**रायपुर।** सुकमा में नक्सली हमले में शहीद हुए रायपुर निवासी एडिशनल एसपी आकाश राव गिरेपूंजे के निवास पर पहुंचकर आज जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रेणु जोगी और प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने शोक संतप्त परिवार के साथ भेंट की और शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान डॉ. रेणु जोगी ने कहा, शहीद आकाश राव की वीरता और देश सेवा की भावना हमेशा अमर रहेगी। नक्सलवाद जैसी समस्या से लड़ते हुए उनका बलिदान राज्य और राष्ट्र के लिए अपूर्णीय क्षति है। हम उनके परिवार के दुःख में शामिल हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि शहीद के परिजनों को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करे। प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने शहीद के साहस को सलाम करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ की शांति और सुरक्षा के लिए शहीद आकाश राव का योगदान सदैव याद किया जाएगा।

### रावांभाठा स्वास्थ्य केंद्र के लापरवाह डॉक्टर पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**रायपुर।** बीरगांव ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेन्द्र सोलंकी एवं पार्षद इकराम अहमद ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि रावांभाठा स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही एवं रात्रिकालीन ड्यूटी से गायब रहने वाले डॉक्टरों की वजह से रावांभाटा निवासी साक्षी निषाद की मृत्यु हो गई। लापरवाह स्वास्थ्यकर्मियों एवं डॉक्टरों पर कड़ी कानूनी कार्रवाइ एवं नवजात बच्चे की परवरिश व पढ़ाई का खर्च सरकार द्वारा उठाने की मांग को लेकर सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा के नेतृत्व में बीरगांव के जनप्रतिनिधि कलेक्टर रायपुर से मुलाकात करेंगे।

### डीएपी खाद की कमी से किसानों में हाहाकार



**रायपुर।** जिले के किसान इस समय डीएपी खाद की भारी कमी से परेशान हैं। डीएपी खाद की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उधोराम वर्मा सहित किसानों ने तत्काल खाद का भंडारण करने की मांग शासन से की है। साथ ही अविलंब भंडारण नहीं होने पर किसानों के साथ सड़क की लड़ाई लड़ी जाएगी। इसके अलावा समितियों में नगाड़ा बजाकर सरकार को जगाया जाएगा। श्री वर्मा ने बुधवार को विभिन्न गावों के किसानों से मुलाकात की, सभी किसानों ने खाद नहीं मिलने से आक्रोशित है। इसके बाद सद्दू, टेकारी, दोंदेकला, सारागांव, सिलयारी, बंगोली, गनियारी, आसौदा, बूढ़ेनि, फरहदा, बडेरा, माठ, खरोरा, कनकी, कुम्हारी, छड़ियां, पचरी, कुम्हारी सभी समितियों का निरीक्षण करने पर किसानों से चर्चा करने पर पता चला कही भी खाद नहीं है, बहुत से समितियों में बीज भी नहीं है।

### आकाश के परिजन को अनुकंपा पर सरकार करेगी विचार

**रायपुर।** सुकमा में आईआईडी विस्फोट में शहीद हुए एएसपी आकाश राव गिरेपुंजे के परिजन को अनुकंपा नियुक्त देने पर सरकार विचार करेगी। बताया गया है, अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होने से पहले नियमानुसार शासकीय औपचारिकत पूरी की जाएगी। इस काम में कुछ समय लगने की संभावना है।
उच्च पदस्थ पुलिस सूत्रों के अनुसार इस मामले में फिलहाल पुलिस सबसे पहले घटना स्थल पर जांच करने में जुटी है। मौके पर फोरेंसिक साइंस से संबंधित अधिकारी साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं। इसके आधार पर एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। यह रिपोर्ट राज्य शासन को दी जाएगी। घटना का पूरा ब्योरा विधिवत सामने आने के बाद सरकार अनुकंपा नियुक्त देने के संबंध में प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी।

## कारागुला में खुर्रा पद्धाति से धान की बुआई...



**नर्रा।** क्षेत्र के ग्राम कारागुला के कुछ किसानों ने ज्येष्ठ माह के आधे पखवाड़े में ही खुर्रा पद्धाति से धान की बुआई कर ली है। बोए गए धान अब पौधे के रूप में तैयार हो गए है। अब बियासी के लिए बारिश का इंतजार है। इस समय ट्यूबवेल साधन वाले किसान रबी धान फसल को बारिश के कारण काट नहीं पा रहे थे, तब वहां के किसान धान की बुआई करते रहे। सप्ताहभर हुए बारिश होने से प्री मानसून समझ कर बुआई कर ली है। अब मानसून ब्रेक लग गया है। आषाढ़ में भी भीषण गर्मी पड़ रही है। पंखा कूलर भी काम नही कर रहा है। इस गर्मी से लोग काफी परेशान है। बोए धान की पौधे भी मुरझाना शुरू हो गए है।

# शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के लिए नवाडीह में हुई संकुल स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा विकासखंड के संकुल नवाडीह खुर्द में आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 की सफल शुरुआत के लिए संकुल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संकुल प्रभारी प्रमोद कुमार गिलहरे ने की। जबकि संकुल समन्वयक देवलाल सिन्हा ने बैठक का संचालन करते हुए विभिन्न कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

बैठक में निर्णय लिया गया कि शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन 16 जून से 30 जून 2025 तक सभी शालाओं में किया जाएगा। इस अवधि में बच्चों का नामांकन, प्रवेश और स्वागत कार्यक्रम आयोजित होंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि छात्रों को समय पर पाठ्यपुस्तकों का स्कैन कर वितरण, गणवेश वितरण, यूडाइस एंट्री, अपार आईडी निर्माण तथा शाला का दस्तावेजीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही बालक और बालिकाओं के नामांकन और नाम कटौती (दाखिला-खारिज) की प्रक्रिया को भी व्यवस्थित ढंग से किया जाएगा।

शाला प्रबंधन समिति का पुनर्गठन और शाला विकास योजना (एसडीपी) का निर्माण भी बैठक में चर्चा का प्रमुख विषय रहा। समय-सारणी का निर्धारण और उसका कड़ाई से पालन, शिक्षकों की भूमिका, तथा बच्चों की रुचि बढ़ाने के लिए मुस्कान पुस्तकालय के सुदृढ़ीकरण पर भी जोर दिया गया। बैठक में संकुल में हाल ही में स्थानांतरित हुईं शिक्षिकाओं शोभा बरिहा एवं प्रांजलि सिंह दाऊ का विद्यालय परिवार की ओर से आत्मीय स्वागत किया गया। प्रधान पाठिका किरण नाग द्वारा उन्हें डायरी और पेन भेंट कर सम्मानित किया गया।

बैठक के अंत में संकुल प्रभारी प्रमोद कुमार गिलहरे और समन्वयक देवलाल सिन्हा ने उपस्थित सभी प्रधानपाठकों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सामूहिक प्रयास की अपील की। समापन पर प्रेमचंद डडसेना द्वारा बैठक के सभी शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया गया। इस बैठक में गीता महानंद, प्रीति देवांगन, पूर्णिमा दीवान, भामा दीवान, शोभा बरिहा, किरण नाग, प्रांजलि सिंह दाऊ, अफ़्शा खान, जीनाथ बरिहा, विष्णु बंजारे, राजेश कुमार नाग, विनोद साहू, धीरज तिवारी, अरविंद द्विवेदी उपस्थित रहे।



### बारिश पूर्व तालाब सफाई कराने की मांग

**महासमुंद।** गुडरूपारा स्थित गुडरूपारा तालाब में पिछले दो तीन सालों से निस्तारी के लिए पानी नही होने के कारण वार्ड नंबर 18 से पार्षद प्रतिनिधि धनी यादव व वार्ड नंबर 27 के पार्षद गुलशन साहू ने तालाब की सफाई के लिए नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू को अवगत कराया व बारिश से पहले सफाई कराने के लिए ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर सूरज साहू, यशवंत यादव, शशिकांत बजाज, विनय तारक, दयाशंकर कन्नौजे आदि मौजूद रहे।

# शहीद की पत्नी को राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकार की नियुक्ति देने मुख्यमंत्री को राशि ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुकमा में शहीद हुए एएसपी आकाश राव गिरिपुंजे की धर्मपत्नी को राज्य सरकार द्वारा तत्काल राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारी नियुक्त करने की मांग मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने की है। पत्र में पूर्व पालिकाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने लिखा कि महासमुंद सहित छत्तीसगढ़ के



विभिन्न जिलों में एक कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी के रूप में सेवा देकर स्व गिरिपुंजे ने प्रशासनिक जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है। सुकमा जिले में उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहूति दी, जो हम सब प्रदेशवासियों के लिए एक निष्ठावान निडर व जांबाज पुलिस अधिकारी के रूप में अपनी छवि बनाई है, उनका यह कार्य हम सभी के लिए सदैव अविस्मरणीय रहेंगे व उनका शहीद होने संपूर्ण प्रदेश के लिए क्षति है। उनकी इसी कर्तव्यनिष्ठा व छत्तीसगढ़ महतारी के प्रति शहादत को ध्यान में रखते हुए उनकी धर्मपत्नी स्नेहा गिरिपुंजे को राज्य सरकार द्वारा तत्काल राज्य प्रशासनिक सेवा का पद (डिप्टी कलेक्टर) पर नियुक्त करें।



### मोबाइल बस में उपचार, दवा का अभाव

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य मोबाईल सेवा के अंतर्गत वार्ड नं. 14 एवं 19 में स्थित पुराना मंडी में लोगों का इलाज कर रहे बस का निरीक्षण करने नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षदगण कल्पना सूर्यवंशी, चंद्रशेखर बेलदार पहुंचे थे। डाक्टर दीवान अपनी सेवा दे रहे थे, लेकिन बहुत सी दवा का अभाव था। दवा नहीं होने के कारण लोग इलाज कराकर जा रहे थे। जबकि, दवा की खरीदी हो चुकी है। दवा स्टोर में है, लेकिन मोबाइल बस में दवाइयों का टोंटा था। इस पर दवा स्टोर कंट्रोलर से दूरभाष पर देवीचंद राठी ने कहा कि दवा स्टोर में होने के बावजूद दवा बस में नहीं दे रहे है। निरीक्षण के दौरान भाजपा नेतागण शरद मराठा, रोशन बग्गा, देवांगन, गौरव राठी भी थे।



### माइनर क्षतिग्रस्त, किसानों को होगा नुकसान

**महासमुंद।** पूर्व जनपद सदस्य व उपसरपंच कुणाल चंद्राकर ने बताया कि ग्राम पंचायत बेलसोंडा माइनर से चंडी रास्ते में माइनर पूरी तरह खराब हो चुका है। इस नहर से कई एकड़ खेतों को नुकसान होने की संभावना है। जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ेगा। इंजीनियर को इसके मरम्मत के लिए कई बार मौखिक रूप से जानकारी दे दी गई है। परंतु, आश्वासन के सिवाए कुछ नहीं मिला। इंजीनियर का कहना है कि जब टेंडर जारी होगा तब इनका मरम्मत कार्य ठेकेदार द्वारा किया जाएगा। यहां के किसानों और आवागमन करने वाले लोगों के लिए काफी परेशानी हो रही है। कई बार विभाग के कार्यालय में फोन करने पर फोन नहीं उठाते।

# मितानिन महिला आरोग्य समिति का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वार्ड 14 स्थित आंगनबाड़ी में आयोजित मितानिन महिला आरोग्य समिति के प्रशिक्षण वर्ग में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी शामिल हुए। उक्त 2 दिवसीय प्रशिक्षण में 7 मितानिन समिति की महिलाएं शामिल हुई । वार्ड नं. 1, 14, 15, 16 एवं वार्ड नं. 26 की महिला आरोग्य समिति का प्रशिक्षण था। एक समिति में 10 महिलाएं शामिल है। उक्त जानकारी मितानिन प्रशिक्षक रानी शर्मा ने दी।



प्रशिक्षण वर्ग में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने महिला आरोग्य समिति से कहा कि आप सभी वार्ड मोहल्ले में रहते है। आपका डोर टू डोर संपर्क रहता है। बरसात का मौसम आने वाला है, मौसमी बीमारी से लोगों को सतर्क करें।

आस-पास के गड्ढों में बरसात का पानी न रूके, इसके अलावा लोग अपने घरों के आस पास सफाई रखें। इस बात को लेकर आम जनता को भी प्रेरित करें। नगर पालिका से सफाई दीदी कचरा लेने आते है, डस्टबिन में कचरा इकट्ठा कर सफाई दीदी को ही कचरा दें। इधर उधर न फेंके। बरसात ऋतु में पर्यावरण की दृष्टि से मोहल्ले के खाली जगहों में पौधारोपण कराए।

# कैमिकल गोदाम में आग, गली संकरी होने की वजह से फायर कंट्रोल करने में हुई परेशानी

**स्टेशन रोड स्थित सत्कार गली में जहां आग लगी वह घनी आबादी वाला इलाका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गंज थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित सत्कार गली में दो मंजिला कैमिकल गोदाम में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने की घटना सवा आठ से साढ़े आठ बजे के बीच की है। आग लगने का कारण अज्ञात है। देर रात फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। जहां आग लगी थी, वहां तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी निकालने ड्राइवर को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस वजह से आग पर काबू पाने घंटों मशक्कत करनी पड़ी।





पुलिस के अनुसार लक्ष्मी कैमिकल में आग लगने की घटना हुई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस, फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ तथा नगर निगम के अफसर मौके पर पहुंच गए। आग से किसी तरह से बड़ी अनहोनी टालने एरिया की बिजली बंद की गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की जो गाड़ियां आग पर काबू पाने पहुंची थीं, गाड़ी को गली से बाहर निकालने मोड़ने के लिए जगह नहीं मिल पा रही थी। इस वजह से फायर ब्रिगेड की गाड़ी को बैक कर निकालना पड़ रहा था। इसके अलावा गली के अंदर बने मकानों के आजू-बाजू छज्जा निकला हुआ था। इस वजह से गली के अंदर फायर ब्रिगेड की गाड़ी ले जाने में परेशानी हो रही थी। गोदाम के अंदर की दीवाल तथा दरवाजा तोड़ने जेसीबी की मदद लेने पड़ी।

# संवैधानिक हक के लिए 16 सामाजिक संगठनों ने एक साथ मिलकर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर बुधवार को संवैधानिक हक के लिए 16 सामाजिक संगठनों ने एक साथ मिलकर राज्य व्यापी धरना दिया। 10 सूत्रीय मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने बड़ी संख्या में दूरदराज से सर्व समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे। पदोन्नति में आरक्षण और 25 सालों से बैकलाग पदों पर भर्ती नहीं किये जाने से नाराज समाज जनों ने संवैधानिक अधिकारों की अनदेखी को लेकर जमकर नाराजगी जताई।

प्रदेश स्तरीय धरना में छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, जनजाति, जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ एवं सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति सामाजिक संगठन के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।




### पदोन्नति के बिना रिटायर हो गये 30 से 40 हजार कर्मचारी

धरना प्रदर्शन में शामिल अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव, अजाक्स के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मण भारती का कहना है कि वर्ष 2019 से पदोन्नति में आरक्षण नहीं मिलने से प्रदेशभर में 30 से 40 हजार कर्मचारी बिना पदोन्नति के रिटायर हो गये। यही नहीं, आरक्षित श्रेणी के विरुद्ध अनारक्षित वर्ग के कर्मचारी, अधिकारी को पदोन्नति दे दी गयी। पदाधिकारी द्वय ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि संवैधानिक प्रावधान का पालन नहीं किया गया है। पिछले 25 साल से पदोन्नति में बैकलाग भर्ती नहीं की गयी, जबकि 2 बार सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में सरकार को आदेश भी दिया। इसके बाद भी पदोन्नति में आरक्षण नहीं दिया गया। एक तरह से यह दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ अजाक्स के प्रांतीय महासचिव पीएल महिपाल ने कहा कि आरक्षण रोस्टर का पालन कई विभागों में नहीं हो रहा है। इसके साथ ही जाति प्रमाणपत्र बनाने की प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाना चाहिए।

# मूणत ने चौपाटी, स्वीमिंग पूल का लिया जायजा, सफाई में कोताही पर नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने जीई मार्ग पर वंदना आटो से एनआईटी तक चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त विश्वदीप, सभापति सूर्यकांत राठौर उपस्थित रहे।

स्थल निरीक्षण के समय अंतराष्ट्रीय स्वीमिंग पूल के आसपास सफाई व्यवस्था लचर होने पर राजेश मूणत ने नाराजगी जताई। वहीं अनुपम गार्डन के पास गंदगी मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिसर की साफ-सफाई का नियमित निरीक्षण किया करें। इस दौरान अनुपम गार्डन की साइड रोड पर स्थित दुकानों को उचित रूप से व्यवस्थित करने निर्देश दिए। दरअसल,

### वंदना आटो से एनआईटी मार्ग पर चल रहे विकास कार्यों का प्रत्यक्ष निरीक्षण

स्वीमिंग पूल के आसपास मिली गंदगी



सूत्रों के मुताबिक नगर निगम के जीई रोड स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग पूल के गुणवत्ता को लेकर जन शिकायत मिलने पर श्री मूणत वस्तुस्थिति जानने पहुंचे वहां की साफ-सफाई को लेकर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया। इसके बाद वे कला केन्द्र परिसर का निरीक्षण करने गये। श्री मूणत ने कहा कि शहर के विकास के लिए हम लगातार काम कर रहे हैं। सौंदर्यीकरण, खेल सुविधाएं और सार्वजनिक स्थानों को बेहतर बनाना हमारी प्राथमिकता है। इससे रायपुर को एक नया स्वरूप मिलेगा। महापौर मीनल चौबे ने इस मौके पर कहा कि शहरवासियों को अच्छी सुविधाएं मिले, इसके लिए नगर निगम पूरी मेहनत से काम कर रहा है। नई चौपाटी और स्वीमिंग पूल जैसे प्रोजेक्ट रायपुर को और बेहतर बनायेंगे।
निरीक्षण के दौरान लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, जोन 7 अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, पार्षद आनंद अग्रवाल,अपर आयुक्त यू.एस अग्रवाल, विनोद पांडे, अधीक्षण अभियंता यूके धलेंद्र, राजेश राठौर, जोन 5 कमिश्नर खीरसागर नायक, जोन 7 कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, अंशुल शर्मा जूनियर, ईश्वर लाल टावरे मौजूद रहे।

बुधवार की सुबह शहर में चल रहे विकास कार्यो की वस्तुस्थिति जानने पश्चिम विधायक राजेश मूणत महापौर मीनल चौबे और सभापति सूर्यकांत राठौर तथा निगम अधिकारियों के साथ पैदल निकले। इसकी शुरुआत राजकुमार कालेज के सामने वाले मार्ग से हुई। इसके बाद टीम एनआईटी मार्ग के आगे हो रहे सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण करने पहुंची। साथ ही आमानाका ब्रिज के नीचे प्रस्तावित नई चौपाटी स्थल पहुंचकर कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। श्री मूणत ने नई चौपाटी का कार्य जल्द पूरा करने निर्देश दिये। इसके बाद साइंस कालेज के सामने वाली वर्तमान चौपाटी स्थल गये जहां साफ-सफाई की व्यवस्था सही नहीं पाये जाने पर महापौर मीनल चौबे ने अनुबंधित ठेकेदार को सफाई व्यवस्था सुधारने निर्देश दिये।




## खबर संक्षेप

### पैरावट की आग में झुलसा युवक

**महासमुंद।** पैरावट में लगी आग की चपेट में एक युवक गंभीर रुप से झुलस गया। घटना बुधवार सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक पटपरपाली निवासी सोहन नेशनल हाइवे-353 किनारे लगी अपने हिस्से की जमीन में नींव खुदाई करने गया था। उनकी पत्नी हीराबाई ने ससुर और जेठ पर आरोप लगाया है कि उनके दिव्यांग पति को बुधवार सुबह जमीन विवाद के चलते घर के पीछे रखे पैरावट में आग लगाकर धकेल दिया। इस घटना में सोहन साहू बुरी तरह झुलस गया। पैरावट में आग धधकते देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो युवक गंभीर रुप से झुलस गया था। उसे 108 संजीवनी वाहन की मदद से आनन-फानन उपचार के लिए बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर मेकाहारा रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार सोहन साहू 65% तक झुलस गया है। फिलहाल युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

### ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, पति की मौत

**महासमुंद।** ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक में सवार पति-पत्नी एक्सीडेंट का शिकार हो गए। घटना में पति की मौत हो गई और पत्नी घायल है। मामले की रिपोर्ट तेंदूकोना थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस न बताया कि सेवक प्रसाद साहू पिता कांशीराम साहू (33 साल) घोघरा थाना तेंदूकोना 11 जून को सुबह 6.30 बजे अपनी पत्नी मुक्ता साहू के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी06जीजी0575 से ग्राम घोंच काम करने के लिए जा रहा था, जेठू डबरी के पास पहुंचने पर विपरीत दिशा ग्राम घोंच की ओर से आ रही बिना नंबर स्वराज ट्रैक्टर के चालक ने अपनी वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर सेवक प्रसाद की मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट में सेवक प्रसाद एवं उसकी पत्नी मुक्ता साहू को गंभीर चोंटे आईं। जिन्हें एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी पिथौरा इलाज हेतु ले जाया गया। जहां डॉक्टर द्वारा सेवक प्रसाद को मृत होना बताया गया। वहीं उसकी पत्नी घायल है।

### फैक्ट्री से 95 हजार के सामानों की चोरी

**महासमुंद।** एमकेबाहरा स्थित महिला स्व सहायता समूह की फैक्ट्री से अज्ञात चोरों ने 95 हजार रुपए के सामानों की चोरी कर ली। खल्लारी थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए जय मां लक्ष्मी महिला स्व. सहायता समूह की अध्यक्ष युगेश्वरी साहू, ने पुलिस को बताया कि साल 2023 में पुराना फड़ी एमके बाहरा में शासन द्वारा संचालित रीपा के अंतर्गत जय मां लक्ष्मी महिला स्व0 सहायता समूह में मिक्चर फैक्ट्री और युवा मितान क्लब में ईंट बनाने का मशीन, सखी सहेली समूह में एलएडी बल्ब बनाने का मशीन स्थापित किया गया है। 8 जून की रात रात्रि 9 बजे मां लक्ष्मी महिला स्व सहायता समूह के संचालक सुरेश साहू, अनुज साहू गुलाब जामुन बनाने के लिए मंथन पाउडर भिगाने मिक्चर फैक्ट्री रीपा गये थे और ताला लगाकर वापस घर आ गये। 9 जून को 8 बजे सुबह प्रार्थिया, टुमेश्वरी साहू, सुरेश साहू काम करने गये तो देखा फैक्ट्री के दरवाजे में लगा ताला आरी ब्लेड से कटा हुआ था, शटर खोलकर अंदर जाकर देखें तो मिक्चर फैक्ट्री में सामान बनाने के 9 मशीन के मोटर कुल कीमत 65000 रुपए व तेल टिन 9 नग भरा हुआ कमल ब्रांड, मंथन पाउडर 10 किलो, 3 बोरी शक्कर, 5 बोरी बेसन, 5 बोरी चना दाल कुल सामान कीमत 20000 रुपए एवं युवा मितान क्लब द्वारा संचालित बाहर खुला स्थान में रखे ईंट बनाने का मशीन में लगे 1 नग मोटर कीमत 10000 रुपए कुल कीमत 95000 रुपए को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर लिया गया।

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में कांग्रेसियों ने घेरा बीईओ दफ्तर, ज्ञापन भी सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा सरकार द्वारा थोपे गए युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी, शिक्षा विरोधी कदम है। इससे प्रदेश में 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जाएंगे। 10463 स्कूल बंद कर दिए गए हैं। नए सेटअप के नाम से शासकीय स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने में लगे हुए हैं। इसके विरोध में छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा इस युक्तियुक्तकरण के विरोध करने चरणबद्ध तरीके से आंदोलन चलाया जा रहा है। जिसके द्वितीय चरण में जिला के आंदोलन प्रभारी व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव सरायपाली विधायक चतुरी नंद के आतिथ्य में जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर के नेतृत्व में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर राज्यपाल के नाम समस्त कांग्रेसियों ने ब्लाक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

कार्यक्रम प्रभारी द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करने का षड्यंत्र भाजपा सरकार के शिक्षा मंत्री द्वारा किया जा रहा है। विषय विशेषज्ञों से बच्चों की पढ़ाई नहीं करवा कर छात्रों को कमजोर करने की नीति अपनाई जा रही है।

गणित के शिक्षकों से विज्ञान की पढ़ाई और अंग्रेजी के शिक्षकों से संस्कृत व हिंदी की पढ़ाई करवाने का षड्यंत्र है। ताकि, बच्चों के पालकों का शासकीय स्कूल से मोह भंग होकर अपने बच्चों को महंगे बीजेपी के कारोबारियों के स्कूल में भर्ती करें और यह व्यापारी स्कूल के संचालक पालकों से मनमानी धन लूट सके और जिन गरीब पालकों के पास धन नहीं है, वह अपने बच्चों की शिक्षा बंद करवाने पर मजबूर हो जाए। वैसे भी छत्तीसगढ़ में बीजेपी के नेता यह नहीं चाहते कि गरीब का बच्चा पढ़ाई कर अच्छी शिक्षा प्राप्त करके आगे बढ़े।



#### इनकी रही मौजूदगी

घेराव व प्रदर्शन में डॉ रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष, खल्लारी विधायक एवं आंदोलन प्रभारी द्वारिकाधीश यादव, सरायपाली विधायक चातुरी नंद, पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, रवि निषाद अध्यक्ष, भूपेंद्र ठाकुर अध्यक्ष, करण दीवान अध्यक्ष, संतोष पटेल अध्यक्ष, पूर्व प्रभारी महामंत्री संजय शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहित ध्रुव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमन चंद्राकर, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोजकांत साहू, प्रवीण चंद्राकर, हीरा बंजारे पूर्व मंडी अध्यक्ष, गणेश कुमार शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवेश साहू, सोमेश दवे संयुक्त महामंत्री, गुरमीत चावला महामंत्री, गौरव चंद्राकर जिला महामंत्री, सूरज नायक पार्षद, हर्षित चंद्राकर सहित काफी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने किया।

# युक्तियुक्तकरण से समाप्त हुई जिले की शिक्षकविहीन, एकल शिक्षकीय शालाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- युक्तियुक्तकरण के तहत नवीन पदांकित शालाओं में कुल 629 शिक्षकों ने किया कार्यभार ग्रहण

जिले में युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में सार्थक कदम उठाए गए हैं। इस पहल के अंतर्गत विशेष रूप से उन शालाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो या तो शिक्षक विहीन थीं या एकल शिक्षकीय व्यवस्था पर निर्भर थीं। युक्तियुक्तकरण के प्रभावी क्रियान्वयन से अब इन शालाओं में नियमित शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी तथा विद्यालयों की शैक्षिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार होगा।

युक्तियुक्तकरण से पूर्व जिले में कुल 287 प्राथमिक शालाएं ऐसी थीं, जो या तो पूरी तरह शिक्षकविहीन थीं अथवा केवल एक शिक्षक कार्यरत था। इसके अतिरिक्त एक पूर्व माध्यमिक शाला एवं तीन हाई स्कूल भी ऐसे थे, जहां शिक्षकों की कमी गंभीर समस्या बनी हुई थी। परंतु, युक्तियुक्तकरण के तहत समुचित पुनर्गठन एवं पदस्थापन के माध्यम से अब जिले में कोई भी शिक्षक विहीन अथवा एकल शिक्षकीय शाला शेष नहीं है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा जिले के प्रत्येक शाला में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया गया है। अब जिले की कोई भी शाला शिक्षक विहीन नहीं है, जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं होगी और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार आएगा।

#### 629 शिक्षकों का हुआ युक्तियुक्तकरण

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सहायक शिक्षक के 399, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के 12, सहायक शिक्षक विज्ञान के 08, शिक्षक के 127, प्रधान पाठक मिडिल स्कूल 01, व्याख्याता के 82 रिक्त स्थानों पर पदभार ग्रहण कर लिया है।



#### बरती गई पूरी पारदर्शिताः कलेक्टर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में लंबे समय से शिक्षकों की कमी से जूझ रहे इन विद्यालयों में अब नवीन शिक्षकों की पदस्थापना से न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार की आशा जगी है। बता दें कि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की मौजूदगी में 01 एवं 02 जून को युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से पूर्ण करते हुए उपस्थित सभी शिक्षकों को तत्काल पदस्थापना आदेश दे दिया गया।

## अनदेखी : निर्देश के बाद भी उप वनमंडलाधिकारी नहीं कर रहे जांच

# कांटा तार फेंसिंग में अनियमितता जांच करने नहीं मिल रहा है समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

- मजदूरों की मजदूरी पर किसका डाका, जांच आदेश के बावजूद अधिकारी नहीं ले रहे सुध, मिलीभगत की आशंका


बसना ब्लॉक अंतर्गत सहायक वन परिक्षेत्र बढ़ेसाजापाली के ग्राम झालपाली में वन विभाग द्वारा कांटातार फेंसिंग में भारी मात्रा में अनियमितता एवं भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया है।


कार्य करने वाले मजदूरों की राशि में भी कटौती कर नगद भुगतान करने जैसा कृत्य हुआ है, जिसकी शिकायत अपर मुख्य सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग छत्तीसगढ़ शासन से किया गया था। शिकायत के बाद अनियमितता की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने उप वनमंडलाधिकारी सरायपाली को निर्देशित किया गया था, लेकिन चार माह बीत जाने बाद भी संबधित अधिकारी द्वारा जांच की कार्रवाई को बार-बार घुमाया जा रहा है, जिससे शासन-प्रशासन के प्रति लोगों का भरोसा उठने लगा है और उपमंडल सरायपाली के संबधित अधिकारी पर भी मिलीभगत होने का संदेह बढ़ता जा रहा है।

बता दें कि वन परिक्षेत्र बड़ेसाजापली के ग्राम झालपाली में कांटा तार फेंसिंग में सामने आई अनियमितता एवं भ्रष्टाचार के साथ नियमानुसार मजदूरी भुगतान संबंधित मजदूरों के बैंक खाते में करने का नियम है, लेकिन विभाग की अनियमितता एवं भ्रष्टाचार से कार्य करने वालों को उनके बैंक अकाउंट में मजदूरी का भुगतान न कर किसी और के नाम को मस्टरोल का नाम और खाता न चढ़ाया जाता है और दूसरों को उनके खाते में मजदूरी भुगतान किया गया है और संबंधित मजदूरों को उनके मानक मजदूरी से बहुत ही कम मजदूरी का नगद भुगतान किया गया है। जागरूकता की कमी होने के कारण एवं विभाग की लापरवाही से उक्त मजदूरों के साथ अन्याय किया गया है। जिसमें कहीं न कहीं विभाग की लापरवाही और मिलीभगत साफ नजर आता है।

उपमंडल सरायपाली के अधिकारी एन. भास्करेन से दूरभाष के माध्यम से चर्चा की गई तब उनके द्वारा कहा गया कि आज जांच करने आना था, लेकिन विभागीय रूटीन के चलते आज जांच करने नहीं आ पाऊंगा।







#### कब कब क्या हुआ

13 दिसम्बर को उत्तर कुमार निषाद द्वारा अपर मुख्य सचिव को शिकायत किया गया था। उसके बाद उपमंडलाधिकारी सरायपाली को जांच करने के लिए वनमंडलाधिकारी महासमुंद द्वारा 6 फरवरी 2025 को जांच आदेश दिए गए थे और दोषियों पर कार्रवाई करने कहा गया। उसके बाद उप वनमंडल सरायपाली ने शिकायतकर्ता को सरायपाली वनमंडल कार्यालय में 04 मार्च को उपस्थित होने पत्र लिखा। जिसके बाद शिकायतकर्ता उस दिन पहुंचे तो संबंधित अधिकारी कार्यालय में उपस्थित नहीं थे, उसके बाद शिकायतकर्ता वापस अपने निवास स्थान आ गया। पुनः उप वनमंडल सरायपाली द्वारा शिकायतकर्ता को फिरसे कार्यालय बुलाने पत्र लिखा गया और 18 मार्च को उपस्थित होकर संबंधित मजदूर जिनको कम मजदूरी और नगद भुगतान किया गया है, उनके नाम उपलब्ध कराने कहा गया। उसके बाद शिकायतकर्ता के द्वारा सरायपाली वनमंडल कार्यालय पहुंच कर नगद भुगतान करने वाले मजदूरों के नाम संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराया गया। उसके बाद पुनः शिकायतकर्ता को 29 अप्रैल को एक पत्र भेजा गया। जिसमें 8 मई को 11 बजे परिसर रक्षक आवास माधोपाली मंक उपस्थित रहने कहा गया। उक्त पत्र के बाद शिकायतकर्ता ने आपत्ति दर्ज कराई की कि इसकी जांच की कार्रवाई कार्यस्थल झालपाली में पहुंच कर करें, जिससे कार्रवाई में आसानी हो सके। उसके बाद पुनः 2 जून को शिकायतकर्ता को पत्र लिखकर बताया गया कि उक्त मजदूरों को 12 जून को 11 बजे स्कूल परिसर झालपाली में उपस्थित रखने कहा गया, जिससे कि जांच की कार्रवाई की जा सके। इन सबके बाद आज दिनांक 12 जून को शिकायतकर्ता एंव संबंधित मजदूरों के द्वारा झालपाली में अधिकारीयों का इंतजार करते रहे। लेकिन, संबंधित अधिकारी उपस्थित नहीं हुए। जब काफी समय बीत जाने के बाद उपस्थित नहीं हुए तो शिकायतकर्ता ने उपमंडल सरायपाली के संबंधित अधिकारी को कॉल के माध्यम से पूछा गया तब उसके द्वारा आज जांच में नहीं आने की बात कही।

# समाज की राशि वापसी पर बनी सहमति, लौटाएंगे 2.50 लाख



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

आदिवासी महासंघ कौड़िया परिक्षेत्र के सैकड़ों महिला-पुरुष गुरुवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचे और पूर्व अध्यक्ष रनसाय ठाकुर से समाज की धनराशि लौटाने की मांग करते हुए विरोध जताया। मामला तूल पकड़ता देख एसडीएम और तहसीलदार की उपस्थिति में पूर्व अध्यक्ष रनसाय ठाकुर और समाज के पदाधिकारियों के बीच घंटों लंबी बैठक हुई। बैठक में विगत वर्षों में समाज को प्राप्त 26 लाख 24 हजार 289 रुपए की राशि का लेखाजोखा प्रस्तुत किया गया। विवाद सुलझाने की दिशा में सामाजिक पहल पर यह सहमति बनी कि सामाजिक कार्यों में हुए खर्च को ध्यान में रखते हुए और छूट प्रदान करते हुए रनसाय ठाकुर समाज को 2.50 लाख रुपए, लौटाएंगे। इस पर सहमति बनते ही। उन्होंने सौ रुपए के स्टांप पेपर पर नोटरी के माध्यम से लिखित इकरारनामा आदिवासी समाज के पदाधिकारियों को सौंपा, जिसमें उन्होंने 26 जून को 75 हजार रुपए की पहली किश्त और शेष 1 लाख 75 हजार रुपए 15 दिसंबर तक लौटाने का वादा किया। लिखित सहमति के बाद समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन समाप्त किया और प्रशासन की निष्पक्ष भूमिका की सराहना की।

### प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नीतियों से रचा गया इतिहास, 94 करोड़ लोग अब सामाजिक सुरक्षा के दायरे में: स्वप्निल



**पिथौरा (ग्रामीण)।** अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा जारी वैश्विक डैशबोर्ड में भारत को सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में विश्व में दूसरा स्थान मिलने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी ने केंद्र सरकार की नीतियों की सराहना की है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी सोच और समर्पण का प्रतिफल बताया है। स्वप्निल तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आज भारत ने सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। यह गर्व का विषय है कि देश की मोदी सरकार अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सुरक्षा, सुविधा और सम्मान पहुंचाने के लिए सतत कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नीतियों के कारण आज भारत सामाजिक सुरक्षा के वैश्विक मानचित्र पर दूसरे पायदान पर पहुंच गया है। तिवारी ने बताया कि देश की 64.3 प्रतिशत जनसंख्या यानी करीब 94 करोड़ लोग अब सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आ चुके हैं। यह उपलब्धि श्रमिकों, गरीबों, किसानों और असंगठित क्षेत्र के कामगारों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई योजनाओं जैसे पीएम श्रम योगी मानधन, ई-श्रम पोर्टल, आयुष्मान भारत योजना और अटल पेंशन योजना का ही परिणाम है। जिस तरह मोदी सरकार योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित कर रही है, वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व में सामाजिक सुरक्षा में पहला स्थान प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि यह सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से चल रही सरकार की सच्ची पहचान है।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के 306 गांवों में होगा आयोजन

# आदिवासी सशक्तिकरण के लिए जागरुकता व लाभ शिविर 17 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आदिवासी समुदायों के समग्र विकास और सरकारी योजनाओं के लाभों की शत-प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत 17 जून से 30 जून 2025 तक ग्राम स्तर पर जागरुकता एवं लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार इन शिविरों में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के चिन्हांकित गांवों में विभिन्न विभागीय सेवाओं और कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को शिविर के सफल संचालन के लिए जिम्मेदारी दी गई है।

इन शिविरों का उद्देश्य विशेष रूप से जनजातीय समुदायों तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित कर उन्हें सशक्त बनाना है। प्रत्येक चयनित ग्राम में ग्राम स्तरीय शिविरों के माध्यम से विभिन्न सुविधाएं और प्रमाण पत्र सांकेतिक रूप से उपलब्ध कराए जाएंगे। जिसमें पहचान व सामाजिक सुरक्षा के लिए हितग्राहियों का आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति व निवास प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। कृषि व वित्तीय सहायता के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, मुद्रा ऋण, पीएम-किसान पंजीयन व जन धन खाता खोला जाएगा, बीमा योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा किया जाएगा तथा वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन के लिए पात्र हितग्राहियों का चयन कर लाभान्वित किया जाएगा। इसी प्रकार रोजगार व आजीविका से जोड़ने के लिए मनरेगा, पीएम-विश्वकर्मा योजना में पंजीकृत किया जाएगा तथा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण के लिए प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ, आंगनबाड़ी लाभ व टीकाकरण की सुविधा दी जाएगी। इन शिविरों में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन, पटवारी, मनरेगा अधिकारी, कृषि विभाग के कर्मचारी, छात्रावास अधीक्षक, महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक, पेंशन विभाग प्रतिनिधि, ग्राम सचिव, आधार ऑपरेटर आदि मौजूद रहेंगे।

जागरुकता एवं शिविर महासमुंद विकासखंड अंतर्गत 17 जून को ग्राम रुमेकेल, 19 जून को तेलीबांधा, 20 जून को पथर्री, 23 जून को खमतराई, 25 जून को लहंगर, 26 जून को सलिहाभाठा, 30 जून को परसदा ख में शिविर का आयोजन होगा। इसी तरह बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत 17 जून को ग्राम टेढ़ीनारा, 19 जून को कर्मापटपर में, 20 जून को पतेरापाली स में, 23 जून को डोंगरीपाली मामाभांचा, 25 जून को भीमखोज, 26 जून को टोंगोपानीकला एवं 30 जून को हाथीबाहरा में शिविर आयोजित किया जाएगा।

इसी प्रकार पिथौरा विकासखंड अंतर्गत 17 जून को गोपालपुर में, 18 जून को पेंड्रावन में, 19 जून को पिरदा में, 20 जून को गोड़बहाल में, 23 जून को खुटेरी, 24 जून को सपोस, 25 जून को बुंदेली में, 26 जून को भुरकोनी, 27 जून को पथरला एवं 30 जून को परसवानी में, बसना विकासखंड अंतर्गत 18 जून को ग्राम पंचायत जमदरहा में, 20 जून को बुंदेलभाठा, 25 जून को पीलवा पाली एवं 30 जून को ग्राम पंचायत नवागांव में शिविर लगेगा। इसी तरह सरायपाली विकासखंड अंतर्गत 17 जून को ग्राम पंचायत डूडूमचुंवा, 19 जून को सेमलिया, 23 जून को पझरापाली, 25 जून को खोखेपुर एवं 27 जून को सरायपाली में शिविर लगाया जाएगा। जिले के 306 ग्रामों के जनजातीय समुदायों तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने जागरूकता व लाभ शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पिथौरा विकासखंड अंतर्गत 209 ग्राम, बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत 33 ग्राम, महासमुंद विकासखंड अंतर्गत 25 ग्राम, बसना विकासखंड अंतर्गत 23 ग्राम एवं सरायपाली विकासखंड अंतर्गत 16 ग्रामों के आदिवासी समुदायों को लाभान्वित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### शहडोल के लिए खरोरा के ग्रामीण हुए रवाना

**महासमुंद।** सन् 1997 से शहडोल जिला में अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ का आयोजन किया जा रहा है। अखंड दुर्गा चालीसा माता भगवती आदिशक्ति जगत जननी जगदम्बा दुर्गा की साधना आराधना करते हुए भक्ति ज्ञान एवं आत्मशक्ति से परिपूर्ण नशापान व मांसाहार तथा भूख भ्रष्टाचार से मुक्त चरित्रवान, चेतनावान, सद्भावनापूर्ण, परोपकारी एवं पुरुषार्थी समाज का निर्माण कर मानवता की सेवा धर्मरक्षा एवं राष्ट्ररक्षा करना लक्ष्य है। ग्राम खरोरा के ग्रामीण 12 जून को शहडोल जिला के लिए रवाना हुए। भगवती मानव कल्याण संगठन महासमुंद जिला के अध्यक्ष रंजित चंद्राकर ने बताया कि अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ 28 साल पूर्ण हो गया।

### आवेदन की अंतिम तिथि 30 तक बढ़ी

**महासमुंद।** भारत सरकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए दुर्घटना के कारण मृत्यु या दिव्यांगता की स्थिति में एक्सग्रेशिया भुगतान योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत पात्र श्रमिकों एवं उनके आश्रितों को 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र ने बताया कि इस योजना के तहत आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को वृद्धि करते हुए अब 30 जून 2025 तक कर दिया गया है।

### शासकीय पॉलिटेक्निक में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**महासमुंद।** शासकीय पॉलिटेक्निक महासमुंद में सत्र 2025-26 के लिए प्रथम वर्ष और लैटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश के लिए पंजीयन प्रक्रिया 11 जून से शुरू हो रही है। यह जानकारी संस्थान के प्रवेश प्रभारी डॉ. लक्ष्मीकांत कराल ने बताय कि प्रथम चरण पंजीयनः 11 जून से 15 जून तक, प्रथम चरण आवंटन लिस्टः 20 जून, प्रथम चरण प्रवेशः 21 जून से 24 जून तक, द्वितीय चरण पंजीयनः 26 जून से 29 जून तक, द्वितीय चरण आवंटन लिस्टः 4 जुलाई, द्वितीय चरण प्रवेशः 5 जुलाई से 8 जुलाई तक, तृतीय चरण पंजीयनः 10 जुलाई से 13 जुलाई तक, तृतीय चरण आवंटन लिस्टः 18 जुलाई एवं तृतीय चरण प्रवेशः 19 जुलाई से 22 जुलाई तक निर्धारित है। शासकीय पॉलिटेक्निक महासमुंद में डिप्लोमा इंजीनियरिंग के चार ब्रांच संचालित हैं। इसमें सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर साइंस है। प्रत्येक ब्रांच में 30-30 सीटें उपलब्ध हैं। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए प्रवेश प्रभारी से संपर्क कर सकते हैं।



### जिला जेल में मनोसामाजिक परामर्श पर हुई कार्यशाला

**महासमुंद।** एनएचएम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला जेल महासमुंद में बंदीय और स्टॉफ के साथ मनोसामाजिक परामर्श पर कार्यशाला आयोजित किया गया। बंदियों को आत्महत्या के लक्षण जैसे मन का उदास होना, नींद ना आना, गुस्सा करना अपने आपको नुकसान पहुंचना, नशा का आदि होना, आत्मविश्वास में कमी, रुचिगत कार्य में मन नहीं लगना, चिंता करना व्यवहार में परिवर्तन होना आदि। रोकथाम के उपाय बताए गए। इसमें अपना दैनिक दिनचर्या को ठीक रखे, आपसी समन्वय स्थापित करें, एक-दूसरे से वार्तालाप करें, हल्का व्यायाम करें, प्रतिदिन योगा अभ्यास करें, अपना स्वयं की सफाई करें, मोटिवेशन, मनोरंजन जैसे किताब पढ़े, खेल आदि का आनंद ले। इस दौरान पर जेल उप अधीक्षक मुकेश कुमार कुशवाहा, मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल महासमुंद से रामगोपाल खूंटे, खोमन लाल साहू आदि मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस : कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

# जिले में बाल श्रम की किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, पुलिस प्रशासन सहित बाल श्रम न्यायालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, चैंबर ऑफ कॉमर्स, व्यवसायी संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कलेक्टर लंगेह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में किसी भी प्रकार से बाल श्रम की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों का बचपन शिक्षा, सुरक्षा और संरक्षण में बीते, यह हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने संयुक्त जांच दल द्वारा होटल, ढाबा, निर्माण स्थलों, दुकानों एवं अन्य संभावित स्थलों पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विकासखंडों में बाल श्रम विरोधी रैली, पोस्टर प्रदर्शन, रैली एवं स्कूलों में विशेष सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बाल संरक्षण समिति की बैठक हर माह आयोजित कर समीक्षा करने कहा है।

कलेक्टर ने कहा कि लंबे समय से स्कूलों में अनुपस्थित बच्चों को स्कूलों में पुनः प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही उनके परिवारों को शासन की योजनाओं से जोड़ा जाएगा। जिले में 15 जून से 30 जून तक जिला स्तरीय बाल श्रम विरोधी अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर ने बाल श्रम की रोकथाम के लिए बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 की धारा 13, 14 तथा सहपठित धारा 15 के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र ने बताया कि जिले में टास्क फोर्स के माध्यम से वर्ष 2024 में कुल 92 संस्थानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें श्रम विभाग द्वारा कुल 14 संस्थानों के विरूद्ध श्रम न्यायालय में अभियोजन दायर किया गया। श्रम न्यायालय द्वारा कुल 09 संस्थानों के विरूद्ध राशि 5000 रुपए की दर से कुल राशि 45 हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। शेष 05 संस्थानों का प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। इसी तरह वर्ष 2025 (09 जून 2025 की स्थिति में) में कुल 52 संस्थानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें श्रम विभाग द्वारा कुल 20 संस्थानों के विरूद्ध सूचना प्रदर्शन बोर्ड चस्पा नहीं होने के कारण धारा-12 अंतर्गत नोटिस जारी किया गया है। जिसमें से कुल 12 संस्थानों के विरूद्ध श्रम न्यायालय में अभियोजन दायर किया गया। उक्त कुल 12 संस्थानों का प्रकरण माननीय न्यायालय में विचाराधीन है।

### 14 वर्ष से कम आयु के बालकों का नियोजन पूर्णतः प्रतिबंधित

उन्होंने बताया कि 14 वर्ष से कम आयु के बालकों का नियोजन पूर्णतः प्रतिबंधित है। 14 वर्ष से कम आयु के बालकों से खतरनाक नियोजन को छोड़कर शिक्षा अवधि उपरांत पारिवारिक व्यवसाय में सुरक्षा प्रबंध के साथ कार्य लिया जा सकता है। इसी तरह 14 से 18 वर्ष आयु के किशोरी का खतरनाक व्यवसाय/प्रक्रियाओं (अधिसूचित-107 नियोजनों में) नियोजन पूर्णतः प्रतिबंधित है। मुख्य प्रतिबंधित क्षेत्र कारखाना, होटल एवं ढाबा, घरेलू कामगार, ईंट-भट्ठा एवं खपरेल निर्माण कार्य, पत्थर खदान, ऑटो मोबाइल वर्कशॉप एवं गैरेज, बीड़ी उद्योग इत्यादि है। बालक एवं किशोर श्रम नियोजन में दंड बाल श्रम का नियोजन करने वाले नियोजक को अधिनियम की धारा 14 के अंतर्गत 06 माह से 02 वर्ष तक का कारावास या राशि रूपये 20 हजार से 50 हजार तक जुर्माना अथवा दोनों से दंडनीय होगा। बालक एवं किशोर श्रम की शिकायत के संबंध में टोल फ्री हेल्पलाईन 1800-2332-197 एवं 1098 में शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

## फिर चूक गया छत्तीसगढ़, अंतरराष्ट्रीय रामसर साइट में राजस्थान के दो वेटलैंड नामित

**बागबाहरा।** विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या राजस्थान को मिले शानदार दो तोहफे। फेलोदी के खींचन एवं उदयपुर के मेनार ये दोनों वेटलैंड अंतरराष्ट्रीय रामसर साइट में शामिल हो गए। राजस्थान प्रदेश की जनता के साथ ही देशवासियों को बधाई। देश हमारा गौरवान्वित हुआ। उपरोक्त जानकारी देते हुए डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही जो पर्यावरण प्रेमी एवं दुर्ग जिले के वेटलैंड संरक्षण समिति के सदस्य हैं ने अत्यंत ही पीड़ा का अनुभव करते हुए कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ में 11 चिन्हित वेटलैंड साइट हैं, जो रामसर साइट में शामिल होने की पात्रता रखते हैं। हर बार हम रामसर साइट से क्यों चूक रहे हैं। कहां हमारी कमजोरी हो रही है। दुर्ग वन मंडल बेमेतरा जिला अंतर्गत गिद्धवा परसदा जो हमारे प्रदेश का एक मात्र पक्षी अभयारण्य, बर्ड सेंचुरी एवं समृद्ध वेटलैंड है जो पूरी पात्रता रखता है। रामसर साइट के मापदंडों पर खरा उतरता है। साथ ही बेलोदी, चिचा, गंगरेल, फ्रुटमुड़ा सहित अन्य वेटलैंड है। राजस्थान के दो नए रामसर साइट की घोषणा के बाद अब हमारे देश में आंध्रप्रदेश में 1, असम में 1, बिहार में 3, गोवा में 1, गुजरात में 4, हरियाणा में 2, हिमाचल में 3, केरल में 3, मणिपुर में 1, पश्चिम बंगाल में 2, महाराष्ट्र में 3, पंजाब में 6, उत्तर प्रदेश में 10 , तमिलनाडु में 20, राजस्थान में 5, त्रिपुरा में 1, जम्मू कश्मीर में 5, लद्दाख में 2, उत्तराखंड में 1, ओडिशा में 6, मध्यप्रदेश में 5, कर्नाटक में 4, सिक्किम में 1, झारखंड में 1, इस तरह कुल 91 रामसर साइट की मान्यता मिल चुकी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश बने 25 वर्ष हो चुके हैं। हमारे पास 11 चिन्हित वेटलैंड के अतिरिक्त और भी वेटलैंड है। हम कहां चूक रहे हैं। यदि हमारा कोई साइट कुछ मापदंडों पर खरा नहीं उतर रहा है तो उसके लिए प्रयास किए जा सकते हैं, उस कमी को दूर किया जा सकता है। एक पर्यावरण प्रेमी, पक्षी प्रेमी एवं वेट लैंड संरक्षण समिति के सदस्य होने के नाते मुझे बड़ी पीड़ा होती है। डॉ पाणिग्राही एवं ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के डायरेक्टर अमुजूरी विश्वनाथ ने प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय एवं वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप को पोस्ट कार्ट लिखा है एवं एक्स मैसेज भी भेजा है। अगली बार हमारे छत्तीसगढ़ के वेटलैंड अंतरराष्ट्रीय रामसर साइट में शामिल हों।



### 2 साल से बंद पड़ी जेसीबी की नपाध्यक्ष ने कराई मरम्मत

**महासमुंद।** पिछले 2 साल से खराब पड़े जेसीबी मशीन की मरम्मत कराकर नगर पालिका अध्यक्ष ने शहर के आवश्यक कार्यों के लिए लगाया। उन्होंने बताया कि यह मशीन 2 साल से बंद पड़ी थी। मरम्मत होने से निर्माण कार्यों तथा सफाई कार्य में इसका उपयोग होगा। आपातकालीन कार्यों में इस जेसीबी की मदद मिलने से विकास कार्यों को गति मिलेगी। एक ही जेसीबी मशीन होने से सफाई तथा निर्माण कार्यों में विलंब होता था। अब 2 जेसीबी चलने से बड़ी नालियों की सफाई तथा निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जा सकेगा।

## नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कराई फिल्टर प्लांट की सफाई

### शहरवासियों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने मानसून पूर्व संयंत्र की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शहरवासियों को स्वच्छ जल प्रदान करने की दिशा में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू लगातार प्रयासरत हैं। शहरवासियों की समस्याएं तथा वार्डों में व्याप्त समस्याओं का वे वार्ड भ्रमण कर निराकरण भी करते हैं। नपाध्यक्ष साहू ने बेलसोंडा स्थित फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर जल संयंत्र की सफाई के निर्देश दिए। पश्चात तत्काल जल प्रभारी द्वारा टीम भेजकर नपाध्यक्ष की उपस्थिति में सफाई कार्य शुरू कराया। लगातार घंटों की मेहनत के बाद बड़ी मात्रा में प्लांट से गंदगी, सिल्ट निकाला गया। नपाध्यक्ष ने कहा कि जल संयंत्र के लिए आवश्यक मात्रा में एलम, सफाई उपकरण व दवाओं की उपलब्धता अभी से कर लें। आगामी मानसून सीजन में गंदे पानी सप्लाई की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण फिल्टर प्लांट में काफी मात्रा में शिष्ट जमा हो गया था। लोक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इसकी सफाई करना आवश्यक था। सफाई होने से आगामी मानसून सीजन में गंदे पानी की शिकायत नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं, स्वच्छ जल प्रदान करना पालिका की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कर्मचारियों को समय-समय पर प्लांट के मशीनों की जांच, आवश्यक मरम्मत, सफाई करते रहने निर्देशित किया। इस अवसर पर पालिका के कर्मचारी, अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



# शिवाजी जन-जन के नायकः तिलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



हिंदवी साम्राज्य की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज जन-जन के नायक हैं, लेकिन उनके नायक उनकी माता जीजाबाई थी, जिन्होंने बचपन से ही शिवाजी को रामायण और महाभारत की शिक्षा दी। शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक के साथ ही हिन्दवी साम्राज्य स्थापित हुआ। भगवा के अनन्य उपासक शिवाजी रणनीति, कूटनीति में पारंगत होने के साथ भ्रष्टाचार निषेधक और हिंदुओं की घर वापसी के समर्थक थे।

उक्त विचार थे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ केशव प्रभात शाखा में आयोजित हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत स्वाभिमान मंच के जिला संयोजक तिलक साव के। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक, संपूर्ण हिंदू राष्ट्र के लिये एक संदेश था कि यह विजय का रास्ता है। इस पर चलो। शिवाजी एक ऐसे राजनेता थे, जिन्होंने देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए हर प्रकार से खुद को योग्य बनाया। शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के बाद सबको भरोसा हो गया। फिर से कोई हिंदू समाज, हिंदू धर्म, हिंदू संस्कृति, हिंदू राष्ट्र को प्रगति पथ पर अग्रसर कर सकता है तो वह है शिवाजी महाराज।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महासमुंद जिला के सामाजिक समरसता प्रमुख गोवर्धन प्रधान ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक होना यह केवल शिवाजी के विजय की बात नहीं है, अपितु समस्त हिंदू समाज का विजय है। शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के समय तक इस देश के धर्म, संस्कृति व समाज का संरक्षण कर हिंदू राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति करने के जो प्रयास चले थे, वे बार-बार विफल हो रहे थे। प्रयोग चले, राजा लड़ रहे थे, विभिन्न प्रकार की रणनीति का प्रयोग कर रहे थे, संत लोग समाज में एकता लाने के, उनको एकत्र रखने के, उनकी श्रद्धाओं को बनाये रखने के लिए अनेक प्रकार के प्रयोग चला रहे थे। कुछ सफल हुए, कुछ पूर्ण विफल हुए लेकिन जो सफलता समाज को चाहिये थी वह कहीं दिख नहीं रही थी। इन सारे प्रयोगों के प्रयासों की अंतिम सफल परिणति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक है। यह केवल शिवाजी महाराज की विजय नहीं है। लडने वाले हिंदू राष्ट्र की अपने शत्रुओं पर विजय है। शिवाजी ने सही मायने में हिन्दवी स्वराज की स्थापना की। उन्होंने कहा कि शिवाजी का राज्याभिषेक ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी विक्रम संवत 1731 (6 जून 1674) के दिन रायगढ़ के किले पर हुआ था। शिवाजी को छत्रपति बनाने में माता जीजाबाई के संस्कार और गुरु समर्थ रामदास की शिक्षा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी द्वारा आमेर के महाराजा जयसिंह को लिखे पत्र ऐतिहासिक पत्र का वाचन जिला सम्पर्क प्रमुख खगेंद्र तारक द्वारा किया गया। साहस और दृढ़ता से भरे इस पत्र में शिवाजी की दूरदर्शिता और राजनीतिक कौशल स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। कार्यक्रम का प्रारंभ सुभाषित, अमृत वचन व गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला संघचालक महेश चंद्राकर, नगर संचालक भूपेंद्र राठौड़, छत्तीसगढ़ प्रांत के सहकार्यवाह घनश्याम सोनी सहित केशव प्रभात शाखा के स्वयंसेवक के बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उक्ताशय की जानकारी केशव प्रभात शाखा की ओर से स्वयंसेवक चंद्रशेखर साहू ने दी।

## मूत्र रोग एवं पथरी प्रोस्टेट का परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर आज अग्रवाल नर्सिंग होम में



**बसना।** अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में 13 जून को मूत्र एवं पथरी रोग संबंधित ऑपरेशन शिविर का आयोजन रखा गया है। जिसमें किडनी, पथरी, प्रोस्टेट का समुचित जांच, इलाज एवं सर्जरी लेजर एवम दूरबीन द्वारा किए जाएंगे। किडनी में सूजन, पथरी एवं सिकुडन का इलाज पुरुषों में बाँझपन एवं नपुंसकता का उपचार, मूत्रकोष का संक्रमण एवं मूत्र नली का सिकुडन किडनी, प्रोस्टेट, टेस्टिस के कैंसर पेशाब का रुक रुक कर आना, लीक करना या खून आने का उपचार, पीडियाट्रिक यूरोलॉजी की सेवाएं इमरजेंसी यूरोलॉजी की सेवाएं, ट्रामा से लेकर किडनी में यूरिन ब्लॉकेज तक सभी का आपरेशन एवम परामर्श डॉ. तुषार दानी एमबीबीएस, एमएस, डीएनबी यूरो सर्जन 13 जून को अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में करेंगे।

## राजधानी में गायत्री परिवार की बैठक 15 को

**महासमुंद।** शांतिकुंज हरिद्वार से छत्तीसगढ़ जोन के प्रभारी सुखदेव भारद्वाज एवं परमेश्वर साहू की मौजूदगी में 15 जून 2025 (रविवार) को उपजोन रायपुर की बैठक गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में प्रातः 10 बजे से होगी। कार्यक्रम दो सत्र में होगा। इसमें माताजी के जन्मशताब्दी समारोह की तैयारियों के संदर्भ में चर्चा की जाएगी। बैठक में महासमुंद जिले अंतर्गत सभी ब्लॉक के प्राणवान कार्यकर्ता, जिला समन्वयकगण, ब्लॉक समन्वयकगण, महिला मंडल, प्रज्ञा मंडल, युवा मंडल, शक्तिपीठों के संचालक एवं इकाई प्रभारियों को पहुंचने की अपील की है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर



होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
9827143060/8871003060
Ajay Advt.

# सावित्रीपुर में हुई संकुल स्तरीय विशेष बैठक

**सांकरा।** पिथौरा ब्लाक के संकुल केंद्र सावित्रीपुर के अंतर्गत विद्यालयों के प्रधान पाठकों और शिक्षकों की बैठक संकुल के नोडल प्राचार्य प्रसाद सिदार की अध्यक्षता एवं संकुल समन्वयक पीएल चौधरी की उपस्थिति में संकुल केंद्र सावित्रीपुर में हुई। बैठक में सर्वप्रथम नवपदस्थ शिक्षकों का पुष्प गुच्छ गुलाल से स्वागत किया गया। साथ ही इस बैठक में विभिन्न जानकारियां दी गई। इसमें शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी, गणवेश, पाठ्यपुस्तक वितरण, टीवीसी ऐप का पंजीयन सह प्रशिक्षण, पीएफएम एस की राशि का समुचित उपयोग, इको क्लब के तहत पौधारोपण, संरक्षण रखरखाव ,यू डाइस में विद्यार्थियों का अपग्रेडेशन पूर्ण करने, शौचालय की साफ सफाई एवं पेयजल की जांच, किचन शेड मरम्मत, साफ सफाई, एमडीएम चावल की सफाई, बरसात पूर्व रखरखाव, एमडीएम संचालन की समिति आवश्यक बैठक लेकर दिशा निर्देश देना, समय पर शिक्षकों की उपस्थिति, बिना अनुमति बीईओ ऑफिस न जाने, शाला विकास समिति की बैठक लेकर आगामी तीन माह का प्लान तैयार करने एवं पुनर्गठन का भी निर्देश दिया गया। इस संदर्भ में नोडल प्राचार्य ने आवश्यक सभी पंजीयो का संधारण एवं उचित रखरखाव का निर्देश दिया। वार्षिक कैलेंडर बनाकर शत प्रतिशत प्रवेश लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पालको से संपर्क करना, शाला समय 16 जून से 10 से 4 तक सुनिश्चित करने का प्रधान पाठक को ध्यान देने को कहा गया। शाला में भ्रमण पंजी, अवकाश पंजी संधारित करने के लिए अनिवार्य रूप से शिक्षक डायरी का संधारण करने के साथ आरंभ से ही विद्यार्थी विकास सूचकांक तैयार किया जाने बाबत प्रयास पर जोर दिया गया। अपार ईडी के लिए नव प्रविष्ट छात्रों का आधार कार्ड का मिलान अवश्य करने का निर्देश दिया गया। जाति प्रमाण पत्र की जानकारी के लिए प्रभारी नियुक्त करने एवं शुरू से आवश्यक दस्तावेज मांगने के निर्देश दिए गए। दिव्यांग छात्रों की समस्त जानकारी बैंक खाता प्रमाण पत्र आदि की जानकारी अपडेट रखने के लिए, शाला भवन की स्थिति, मरम्मत संबंधी जानकारी की समीक्षा, छात्रवृत्ति रजिस्टर का संधारण। विगत सत्र 2025 के पीएमएस राशि के उपयोग एवं कैश बुक आदि पूर्णता करने के संबंधी बैठक में जानकारी दी गई। दर्ज संख्या की जानकारी लक्ष्य पहली, छठवीं, नवमी तक एवं अन्य संकुल स्तरीय गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक में विजय कुमार मिरि प्रधान पाठक भजपुरी, हेमराज साहू, हेमराज यादव, हेमंत कुमार कर, रमेश पटेल, धर्मेंद्र कुमार बारमते, महेंद्र कुमार तांडी, धरणीधर आदि मौजूद रहे।



सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
किडनी रोग विभाग
- किडनी फेलयर (ARF/CRF)
- डायलिसीस
- बच्चों की किडनी की समस्त प्रकार की बीमारी
- नेफ्रोटिक सिंड्रोम
- हाई बीपी (HIGH BP)
- PCNL
- AV FISTULA

24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
16 अगस्त, 06 सितम्बर, 29 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since 2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411